## खबर संक्षेप

### ई-दक्ष केंद्र में आरटीओ आई प्रशिक्षण का दूसरा चरण शुरू, लोक सूचना अधिकारियों ने सीखे नियम

**सतना।** कलेक्ट्रेट स्थित जिला ई-दक्ष केंद्र में 'सूचना का अधिकार अधिनियम-2005' पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का शुभारंभ हुआ। मास्टर ट्रेनर सतीश पाण्डेय और ऋतुराज रूसिया द्वारा विभिन्न विभागों के शाखा प्रभारियों को RTI की धाराओं,समय-सीमा और ऑनलाइन पोर्टल के संचालन की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। यह प्रशिक्षण कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है ताकि सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही को और मजबूत किया जा सके।

### राज्य पात्रता परीक्षा 2025: सतना के 18 केंद्रों पर 1 मार्च को होगी परीक्षा

**सतना।** लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्यपात्रता परीक्षा 2025 आगामी 1 मार्च को दोपहर 12 बजे से आयोजित की जाएगी। जिले में इसके लिए कुल 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सुचारू और पारदर्शी संचालन के लिए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शेखरवर्मा को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।ओएमआर शीट आधारित यह परीक्षा एक ही सत्र में संपन्न होगी।

# लकड़ी टाल और रुई गोदाम जलकर खाक,लाखों का नुकसान





**सतना।** शहर के लिए पिछला 24 घंटा अग्निपरीक्षा से कम नहीं रहा। बुधवार की देर रात और गुरुवार की सुबह शहर के दो अलग-अलग रिहायशी इलाकों में भीषण आगजनी की घटनाएं सामने आईं। इन हादसों में एक लकड़ी की टाल और एक रुई का गोदाम पूरी तरह जलकर खाक हो गया,जिससे व्यापारियों को लाखों रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। गनीमत रही कि दोनों ही घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई।

### सेमरिया चौराहे पर लकड़ी की टाल में भड़की आग

पहली घटना बुधवार देर रात कोलगवा थाना क्षेत्र के सेमरिया चौराहे पर हुई। यहाँ स्थित एक लकड़ी की टाल में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। लकड़ी जैसी ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। रिहायशी इलाका होने के कारण स्थानीय निवासियों में अफरा-तफरी मच गई।सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुँचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोका गया।

### नजीराबाद बायपास में रुई गोदाम में मची तबाही

दूसरी बड़ी घटना गुरुवार तड़के करीब 4 बजे नजीराबाद बायपास स्थित 'नाइस ट्रेडर्स' के रुई गोदाम में घटी। यह गोदाम व्यवसायी सोहेल खान का बताया जा रहा है,जो सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। गोदाम में भारी मात्रा में रुई भंडारित थी,जिससे धुएं का गुबार आसमान में दूर तक देखा गया। व्यापारियों के अनुसार,इस अग्नि कांड में करीब 8 से 10 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया है।

### दमकल विभाग की सक्रियता से टला बड़ा हादसा

दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें हरकत में आईं। नजीराबाद की घटना में करीब 6 दमकल वाहनों का उपयोग किया गया। आग इतनी भीषण थी कि उस पर पूरी तरह काबू पाने में टीम को कई घंटों का समय लगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दमकल कर्मी समय पर न पहुँचते,तो आग आसपास की घनी बस्ती और दुकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी।

### सुरक्षा मानकों पर उठते सवाल

इन लगातार हुई घटनाओं ने शहरी और रिहायशी क्षेत्रों में स्थित गोदामों और टालों में सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है।संकरी गलियों और सुरक्षा उपकरणों के अभाव में ऐसी घटनाएं भविष्य में और भी घातक साबित हो सकती हैं। फिलहाल,पुलिस और विद्युत विभाग की टीमें आग के सटीक कारणों और कुल नुकसान का आधिकारिक सर्वे कर रही हैं।

## गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस से गिरकर यात्री गंभीर घायल, भीड़ के कारण बिगड़ा संतुलन



**सतना। हाटी स्टेशन के पास गुरुवार को एक बड़ा ट्रेन हादसा सामने आया है। गोरखपुर से अहमदाबाद की ओर जा रही ट्रेन संख्या 19490 (गोरखपुर एक्सप्रेस) से गिरकर एक 38 वर्षीय यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना में यात्री के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गए हैं,जिससे उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।**

### भीड़ और झटके ने ली दुर्घटना की शक्ल

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल यात्री की पहचान तालीम हुसैन 38 वर्ष निवासी बिहार के सीवान जिले के रूप में हुई है। तालीम मजदूरी या निजी कार्य के सिलसिले में जनरल बोगी में सवार होकर अहमदाबाद जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों और जीआरपी की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि जनरल बोगी में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ थी। तालीम हुसैन जब शौचालय (वॉशरूम) जाने के लिए अपनी सीट से उठे,तभी ट्रेन को एक जोरदार झटका लगा। बोगी में जगह कम होने और भीड़ के दबाव के कारण तालीम अपना संतुलन नहीं बना सके और सीधे खुले दरवाजे से नीचे गिर गए। उस वक्त ट्रेन काफी तेज गति में थी,जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

### रेस्क्यू और तत्काल उपचार

हादसे के तुरंत बाद बोगी में मौजूद साथी यात्रियों ने शोर मचाया और तत्काल आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) तथा जीआरपी को सूचना दी। घटनास्थल हाटी स्टेशन के समीप होने के कारण राहत दल तुरंत मौके पर पहुँचा। घायल तालीम को तत्काल लहूलुहान हालत में सतना जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक,गिरने की वजह से तालीम के दोनों पैर बुरी तरह कुचल गए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### परिजनों को दी गई सूचना

जीआरपी ने सक्रियता दिखाते हुए घायल के पास मौजूद दस्तावेजों के आधार पर बिहार में उनके परिजनों से संपर्क किया और घटना की जानकारी साझा की। फिलहाल यात्री का उपचार जारी है और पुलिस मामले की कागजी कार्रवाई पूरी कर रही है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, सरेराह चाकू से गोदा; हालत गंभीर





**सतना।** शहर के कोलगवां थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर सरेराह खूनी संघर्ष देखने को मिला। पुरानी रंजिश के चलते दो बदमाशों ने एक 26 वर्षीय युवक को घेरकर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना रीवा रोड स्थित गहरा नाला के पास की है,जहां दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। घायल युवक को लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रास्ता रोककर पीठ पर किए 8 वार

जानकारी के अनुसार धवारी मोहल्ला निवासी गंधर्व सिंह गुरुवार दोपहर अपनी बाइक से नए बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे गहरा नाला के पास पहुंचे,तभी धवारी के ही रहने वाले प्रयास सिंह बघेल और कृष्णकांत गौतम ने उनका रास्ता रोक लिया। इससे पहले कि गंधर्व कुछ समझ पाते,दोनों आरोपियों ने उन पर चाकुओं से हमला बोल दिया। आरोपियों ने गंधर्व की पीठ पर एक के बाद एक करीब 8 वार किए। हमले के बाद गंधर्व सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े और आरोपी उन्हें मरणासन्न हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए।

### राहगीरों ने दी सूचना,डायल 112 ने पहुँचाया अस्पताल

घटना के समय मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल गंधर्व को तुरंत जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। डॉक्टरों के मुताबिक, अत्यधिक खून बहने के कारण युवक की हालत गंभीर थी,लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है।

### तीसरी बार हुआ झगड़ा

घायल गंधर्व के दोस्तों और परिजनों ने बताया कि आरोपियों और गंधर्व के बीच काफी समय से रंजिश चल रही है। यह उनके बीच तीसरा बड़ा विवाद था। इससे पहले भी दो बार उनके बीच कहासुनी,गाली-गलौज और हल्की मारपीट हो चुकी है। मोहल्ले वालों का आरोप है कि आरोपी प्रयास और कृष्णकांत नशे के आदी हैं और अक्सर क्षेत्र में लोगों के साथ विवाद और गुंडागर्दी करते रहते हैं। कोलगवां थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## त्योहारों पर हुड़दंगियों की खैर नहीं, सद्भाव बिगाड़ने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई: एसपी



**सतना।** आगामी होली,रामनवमी,ईद और अंबेडकर जयंती जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए जिला कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले की गौरवशाली परंपरा के अनुसार सभी पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाएं।

### प्रशासन की सख्त गाइडलाइन: होली पर पाबंदी

शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच ब्रीथ एनालाइजर से होगी।तीन सवारी और डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। डामरीकृत सड़कों पर होलिका दहन वर्जित है। सूखी और प्राकृतिक रंगों वाली होली खेलने की अपील की गई है। संवेदनशील घाटों (एनीकट,माधवगढ़ आदि) पर गोताखोर और पुलिस बल तैनात रहेगा। नगर निगम को त्योहारों के दौरान निर्बाध जल आपूर्ति और बिजली कंपनी को सतत विद्युत प्रवाह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने अपील की है कि नागरिक सार्वजनिक मार्गों को अवरुद्ध न करें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

## पुरानी परंपराओं को युगानुकूल और नवाचारों को देशानुकूल बनाना ही नानाजी को सच्ची श्रद्धांजलि: ऊर्जा मंत्री तोमर

**सतना।** भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर चित्रकूट के विवेकानंद सभागार में 'स्वावलंबी कृषि तकनीकी एवं नवाचार' विषय पर विशाल कृषक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि नानाजी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनके द्वारा स्थापित आदर्श और समाजमूलक कार्य आज भी अनुकरणीय हैं।

### अनुशासित कृषि पर जोर



पदमश्री मोहन नागर (उपाध्यक्ष, जन अभियान परिषद) ने संबोधित करते हुए कहा कि नानाजी का मानना था कि हमें अपनी प्राचीन श्रेष्ठ परंपराओं को आधुनिक युग के अनुसार ढालना होगा। उन्होंने जोर दिया कि पूर्वजों की नक्षत्र आधारित और फसल चक्र के अनुसार की जाने वाली खेती ही भविष्य का आधार है। उन्होंने बीजों की बुआई में अनुशासन और गौ-वंश को खेती के केंद्र में रखने का आह्वान किया।

### पांच राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन

पुण्यतिथि के दूसरे दिन दीनदयाल परिसर के विभिन्न सभागारों में पांच राष्ट्रीय संगोष्ठियां आयोजित हुईं। इनमें तिलहन उत्पादन,औषधीय पौधों की खेती,पशुधन प्रबंधन और कृषक उत्पादक संगठनों की भूमिका जैसे गंभीर विषयों पर विशेषज्ञों ने मंथन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के महानिदेशक डॉ.मांगीलाल जाट सहित देशभर के कृषि विशेषज्ञ और समाजसेवी उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री ने दीनदयाल शोध संस्थान के उद्यमिता परिसर में लगी कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।




## एकेएसयु बिजनेस इनक्यूबेटर में इनोवेशन और उद्यमिता पर स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर रिसर्च इनोवेशन,इनक्यूबेशन एंड स्किल डेवलपमेंट, एकेएसयू बिज़नेस इनक्यूबेशन सेंटर एवं सतना इनक्यूबेशन सेंटर,सतना स्मार्ट सिटी के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय इनोवेशन एवं उद्यमिता विषय पर स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम 23 और 24 फरवरी को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उदघाटन समारोह में एकेएस विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर इंजी अनंत कुमार सोनी ने उद्बोधन में विद्यार्थियों को उद्यमिता के क्षेत्र में काम एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया। डॉ.हर्षवर्धन प्रतिकुलपति एडमिनिस्ट्रेशन और डीन एकेडमिक्स डॉ.शेखर मिश्रा ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रेरित किया। सेंटर फॉर रिसर्च इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड स्किल डेवलपमेंट, एकेएसयू बिज़नेस इनक्यूबेशन सेंटर के डायरेक्टर प्रो. कमलेश चौरे ने विद्यार्थियों को इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर चर्चा की एवं पूरे प्रोग्राम को संचालित भी किया। कार्यक्रम के अतिथि वक्ता रहे प्रहलाद पांडेय ट्रेनर एवं स्पीकर,अपने उद्बोधन में स्टार्टअप के लिए जरूरी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की एवं सभी का उद्यमिता के लिए मार्गदर्शन भी किया। कार्यक्रम के दूसरे अतिथि रक्षित मेहता,सर्विष्कर स्टेट हेड मालवा रीज़न एवं कॉरपोरेट ट्रेनर,ने अपने प्रेजेंटेशन में मार्केटिंग स्ट्रेटजीज विषय पर अपना उद्बोधन दिया। इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने एवं उसके सही रूपांतरण के लिए सतना इनक्यूबेशन सेंटर से संजना सिंह और शांतनु सिंह परिहार,इनक्यूबेशन इंचार्ज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन वक्ता के रूप में प्रोफेसर कमलेश चौरे ने अपने उद्बोधन ने विद्यार्थियों को प्रॉब्लम सॉल्विंग के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन अतिथि वक्ता प्रांजल चतुर्वेदी,प्रोजेक्ट मैनेजर जी.इनक्यूब,ग्वालियर स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन स्टार्टअप इनक्यूबेशन और बिजनेस कंसल्टिंग प्रोफेशनल,ने स्टार्टअप के प्रमुख बिंदुओं पर विद्यार्थियों से चर्चा की। लगभग 400 प्रतिभागी विद्यार्थियों उपस्थित रहे इनमें से चयनित प्रतिभागियों ने अपने स्टार्टअप आइडिया की प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की एवं एक्सपर्ट्स ने उनके स्टार्टअप के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सौरभ सिंह गौर,रजत सिंह,अर्पित श्रीवास्तव,डॉ विवेक कुमार अग्निहोत्री ने अपनी भूमिका निभाई।

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने मैहर शारदा देवी और कामतानाथ स्वामी के दरबार में टेका मत्था




**सतना।** प्रदेश के ऊर्जामंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने अपने प्रवास के दौरान क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। गुरुवार को उन्होंने मैहर पहुंचकर मां शारदा देवी की विशेष पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात चित्रकूट में उन्होंने भगवान कामतानाथ स्वामी के दर्शन किए और श्रद्धापूर्वक कामदगिरि पर्वत की प्रदक्षिणा पूरी की।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी अगवानी की।

## बालक अंडर 13 खिलाड़ियों का ओपन ट्रायल मैहर में 2 को

**मैहर।** रीवा डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में बॉयज अंडर 13 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मैहर की टीम का चयन सोमवार 2 मार्च को दोपहर 3 बजे मैहर क्रिकेट स्टेडियम में होना है जिन खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1/9/2012 से 31/8/2015 के मध्य हो इच्छुक खिलाड़ी समय पर पहुंचकर चयन समिति के सुतीक्षण शुक्ला को सूचित कर प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र (डिजिटल)अंतिम 3 वर्ष की अंक सूची,आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ एक-एक छाया प्रति एवं क्रिकेट किट लाना अनिवार्य है।

## गौरव मिश्रा सहित सतना से दर्जनों युवा दिल्ली में धरने पर



**मैहर।** युवक कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली में गौरव मिश्रा अपने दर्जनों साथियों के साथ मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष यश लखन घनघोरिया के नेतृत्व में युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय में शांतिपूर्ण धरने पर बैठे हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन काल के अधिकतम समय बगैर शर्ट के बिताते हुए पूरे ब्रिटिश साम्राज्य को हिला दिया था। आज भी विश्व भर के लोग उनकी प्रतिमा के सामने नतमस्तक होते हैं।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा जिला कोषाध्यक्ष को मिठाई खिलाकर जिला अध्यक्ष सहित मंडल संगठन के पार्टी नेताओं ने दी बधाई



**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई पन्ना की जिला कार्यकारिणी घोषित होते ही कई नेताओं के चेहरे खिल उठे इस मौके पर जिला संगठन के अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा जी अचानक अमानगंज पहुंचे और मंडल संगठन के साथ नवलियुक्त जिलाकोषाध्यक्ष को जि अध्यक्ष बृजेंद्र जी मिश्रा मंडल संगठन अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी पार्टी के कई पदाधिकारी उनके निवास पहुंचे फूल माला पहनकर मिठाई खिलाकर उन्हें जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त होने की बधाई दी इस मौके पर वरिष्ठ नेता तिवारी उपाध्यक्ष आनंद सिंह राजपूत उपाध्यक्ष प्रेम नारायण हरिकांत रेजा जी अब तिवारी जिला उपाध्यक्ष रामू सोनी लोकेंद्र प्रताप सिंह मुकेश पाठक दीपेंद्र पाठक सहित मंडल संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मझगवां शेख का नाम बदलकर मझगवां शेखर करने की मांग



**पन्ना।** गुनौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बलगहा के मझगवां शेख ग्राम का नाम बदलकर "मझगवां शेखर" किए जाने की मांग अब विधानसभा तक पहुंच गई है। गुनौर विधानसभा के विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान इस विषय को प्रमुखता से उठाते हुए ग्राम का नाम परिवर्तन किए जाने की बात रखी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मझगवां शेख का नाम परिवर्तित कर मझगवां शेखर किया जाना चाहिए। विधायक ने तर्क दिया कि नाम परिवर्तन से ग्राम की पहचान और सांस्कृतिक स्वरूप को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने शासन से इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। अब देखना यह होगा कि शासन स्तर पर इस प्रस्ताव पर क्या निर्णय लिया जाता है और कब तक इस संबंध में आधिकारिक प्रक्रिया आगे बढ़ती है।

## सौरभ पटेल ने जिले में शूटिंग की बताई आपार संभावनाएं,जल्द शुरू होगी वेब सीरीज की शूटिंग



**पन्ना।** नगर के हृदय शाह सिंह जी के अंजना अजित निवास में बॉलीवुड के प्रसिद्ध कलाकार और बिग बॉस सीजन 12 के कंटेस्टेंट रहे महाकौशल के लाल सौरभ पटेल का बहुप्रतीक्षित दौरा हुआ। कहना मीडिया से मुखातिब होकर उन्होंने बताया कि असित अंजना हेरिटेज फाउंडेशन संस्था के साथ जुड़ कर विंध्य कौशल संकल्प के तहत जन्म भूमि और क्षेत्र के टेलेंट और लोकेशन को राष्ट्रीय स्तर पर स्थान दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। सौरभ पटेल ने बताया कि बहुत जल्द कुछ वेब सीरीज की शूटिंग के लिए क्षेत्र के बेहतरीन लोकेशन का उपयोग किया जाएगा और स्थानीय टेलेंट को भी वेब सीरीज में मौका दिया जाएगा। अपनी मेहनत और काबिलियत की दम पर महाकौशल के जबलपुर क्षेत्र से निकल कर मुंबई की माया नगरी में सौरभ पटेल ने कई फिल्म और वेब सीरीज करके पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन

**पन्ना।** स्वयंसेवी संस्था पन्ना जनपद एवं अजयगढ में लगातार सामाजिक सुरक्षा योजना के लिये ऑनलाईन पोर्टल, आधार, ईकेवायसी, आभा, आयुष्मान,योजना का लाभ लोगो को देने के लिये सरकार भी लगातार संकल्प से समाधान अभियान चलकार लाभ दिया जा रहा है। समर्थन संस्था लगातर शिविर के माध्यम से हजारो परिवारो को लाभ दिया जा रहा है। भुजवाई, निमहा, भीलसाय में आज शिविर का आयोजन किया गया। आभाकार्ड, आयुष्मान कार्ड, ईकेवायसी वनाये गये। शिविर में कियोस्क मैनेजर अर्जुन, सतीश एवं टीम समर्थन से सहयोग किया।

## अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी, मर्ग कायम कर जांच शुरू

अमानगंज। नगर अमानगंज में मंगलवार शाम एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। कमलेश उर्फ कम्मू कोरी (35 वर्ष), पिता स्व. बुढवा कोरी, निवासी वार्ड क्रमांक 10, मरही माता मंदिर के पास, अमानगंज ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## थाना अमानगंज क्षेत्र में गुमशुदा युवक की हत्या का 48 घंटे के अंदर खुलासा

# पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर अज्ञात आरोपी को किया गिरफ्तार

फरियादिया आरती चौधरी पति स्व. बलीराम चौधरी, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम ककरहाई भटवा अपनी बड़ी सास दुखनी बाई के साथ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 22.02.2026 की रात्रि लगभग 10 बजे खाना खाने के बाद वह एवं उसके पति बलीराम चौधरी (उम्र 22 वर्ष) सो गए थे।

अमानगंज।



रात्रि करीब 02 बजे उसके पति के मोबाइल पर कॉल आने पर वह घर से मोटरसाइकिल लेकर यह कहकर निकले कि थोड़ी देर में वापस आ जाएंगे, परंतु सुबह तक घर नहीं लौटे। परिजनों द्वारा तलाश करने पर बलीराम चौधरी की अपाची मोटरसाइकिल ग्राम खिरवा हार में खड़ी मिली। बाद में तलाश के दौरान अमान सिंह बुन्देला के खेत पर बनी झोपड़ी के बाहर बलीराम चौधरी मृत अवस्था में पाए गए, जिनकी दाहिनी आंख में गोली लगने का निशान था तथा कान, नाक एवं आंख से खून निकला हुआ था। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में गुम इंसान क्रमांक 17/26 कायम कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान हत्या होना पाए जाने पर अपराध क्रमांक 99/26 धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एसडीओपी गुनौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमानगंज उप निरीक्षक रवि सिंह जादौन द्वारा टीम गठित कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान डॉग स्क्वॉड एवं फिंगर प्रिंट अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर सूचना के आधार पर पता चला कि संदेही घटना समय पर घटनास्थल के आसपास देखा गया था। संदेही की तलाश कर उसे पकड़कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने घटना करना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घटना में प्रयुक्त हथियार ताराटेक के पास बिजली के खंभों के नीचे झाड़ियों में छिपा दिया है, जिसे बरामद कर जप्त किया गया। तत्पश्चात आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। मृतक के अनुसूचित जाति वर्ग का होने एवं आरोपी से अवैध हथियार मिलने पर प्रकरण में धारा 25/27 आर्म्स एक्ट एवं 3(2)(व्ही) एससी/एसटी एक्ट का इजाफा किया गया। आरोपी को दिनांक 25.02.2026 को न्यायालय प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### आरोपी का नाम

दीपेन्द्र सिंह बुन्देला पिता अमान सिंह बुन्देला, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम खिरवा, थाना अमानगंज, जिला पन्ना जप्त सामग्री- 01 नग 12 बोर का देशी कट्टा व खाली खोखे, मृतक की अपाची मोटरसाइकिल (पूर्व से बरामद)

### सराहनीय योगदान

उक्त कार्यवाही में एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया (अनुभाग गुनौर), थाना प्रभारी उप निरीक्षक रवि सिंह जादौन, उप निरीक्षक रजनी समाधिया, प्रधान आरक्षक शिवम शर्मा, प्रधान आरक्षक गणेश सिंह, प्रधान आरक्षक लक्ष्मण यादव, प्रधान आरक्षक मुकेश सोनी, प्रधान आरक्षक राजीव बेडिया, आरक्षक मेहरवान सिंह, विश्वास शुक्ला, अखिलेश पाल, गोलू बास्केल एवं अरुण तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।



## आगामी त्यौहार होली एवं रमजान को लेकर अमानगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

अमानगंज।

आगामी त्यौहार होली तथा रमजान माह के मद्देनज़र अमानगंज थाना परिसर में गुरुवार शाम 6:00 शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमानगंज रवि सिंह जादौन ने की। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। थाना प्रभारी ने सभी से अपील की कि होली का पर्व एवं रमजान का पवित्र महीना आपसी भाईचारे, सौहार्द और पारस्परिक सम्मान के साथ मनाया जाए। बैठक में होलिका दहन स्थलों, जुलूस मार्ग, डीजे की समय-सीमा, नमाज़ के समय पर विशेष ध्यान, मस्जिदों के आसपास शांति व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। रमजान के दौरान इफ्तार एवं तरावीह के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश प्रसारित न करें। शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक का उद्देश्य दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना रहा।

# प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जिला जेल पन्ना का औचक निरीक्षण

पन्ना।

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जि.वि.से. प्राधि. पन्ना श्री शरत चन्द्र सक्सेना द्वारा आज दिनांक 26.02.2026 को जिला जेल पन्ना का औचक जेल निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में मान. प्रधान जिला न्यायाधीश-अध्यक्ष श्री शरतचन्द्र सक्सेना द्वारा जेल पाकशाला में भोजन व्यवस्थां, खाने एवं बंदियों हेतु उपयोग लाये जा रहे अनाज की गुणवत्ता का निरीक्षण किया व तदुपरांत पुरुष एवं महिलाओं बैरकों, जेल अस्पताल व्ही.सी. कक्ष, कियोस्क कक्ष, मुलाकात कक्ष एवं उद्यमिता कक्ष आदि का पृथक-पृथक निरीक्षण कर स्वच्छता व हाईजीन की सूक्ष्म जानकारी ली गई। निरीक्षण दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा पाकशाला में रोटी भट्टी को पुर्ननिर्माण करने के निर्देश दिये गये।



निरीक्षण दौरान कुछ बंदियों द्वारा नियमित रूप से वीडियों कान्फ्रेंसिग के माध्यम से न्यायालयों में पेशी न कराये जाने संबंधी जानकारी दी गई जिसमें प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा जेल प्रशासन को समस्त बंदियों की व्ही.सी. के माध्यम से न्यायालय के समक्ष उपस्थिति सुनिश्चित करवाये जाने के निर्देश दिये गये। प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा समस्त बंदियों से मुक्त चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं प्रकरणों की जानकारी ली गई एवं बंदियों द्वारा बतायी गई समस्याओं के निदान हेतु जेल प्रशासन एवं लीगल एड डिफेंस काउन्सिल को निर्देश दिये गये। उचित मामलों में न्यायालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय में अपील हेतु निःशुल्क निर्णय प्रति प्रदाय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया व यू.टी.आर.सी. द्वारा अनुशंसित बंदियों के जमानत व रिहाई के संबंध में जानकारी ली गई उपरांत जेल चिकित्सालय व महिला बैरक का निरीक्षण कर स्वच्छता व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई एवं जेल प्रशासन को पायी गई कमियों में सुधार किये जाने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त निरीक्षण कार्यक्रम में सचिव जि.वि.से.प्राधि. पन्ना राजकुमार गौड़, रामपाल कुशवाहा वरिष्ठ जेल प्रहरी सहित समस्त जेल कर्मचारी उपस्थित रहे। कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति प्रदेश के समस्त समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

## अधिवक्ताओं के चेंबर में रात की शराब पार्टी, सुबह दिखा गंदगी का मंजर तहसील परिसर की सुरक्षा पर सवाल, वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

### सीसीटीवी जांच की मांग, असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की उठी आवाज

अमानगंज।





तहसील परिसर अमानगंज जिला पन्ना स्थित अधिवक्ताओं के चेंबर में रात के समय असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार शराबखोरी किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। गुरुवार को आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसीलदार अमानगंज को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने बताया कि बीते कई दिनों से अज्ञात लोग देर रात चेंबर परिसर में प्रवेश कर शराब पार्टी कर रहे हैं, जिससे तहसील परिसर की गरिमा एवं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। 26 फरवरी 2026 की सुबह जब अधिवक्ता अपने चेंबर पहुंचे तो परिसर का दृश्य बेहद चिंताजनक था। यहां शराब एवं बीयर की खाली बोतलें, सिगरेट के टुकड़े, गुटखा के रैपर, डिस्पोजल सामग्री एवं पानी के पाउच बड़ी मात्रा में बिखरे पड़े मिले। इस घटना से अधिवक्ताओं में भारी नाराजगी देखी गई। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से पुलिस थाना अमानगंज से मांग की कि पास स्थित श्रीजी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की जाए तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिवक्ताओं का कहना है कि यदि समय रहते ऐसी गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई गई तो तहसील परिसर की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर परिसर की गरिमा बनाए रखने की मांग की है।

## जीरो मॉडल हाईस्कूल देवेंद्रनगर में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मैडल देकर किया सम्मानित

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा परिणाम घोषित

देवेन्द्रनगर।



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पारितोषिक व प्रमाण पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम जीरो मॉडल हाईस्कूल देवेंद्रनगर में आयोजित किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा गायत्री परिवार द्वारा आयोजित परीक्षा में कनिष्ठ वर्ग में श्रेष्ठ प्राप्तांक अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं जिनमें शिवम कोरी पिता संजय कोरी कक्षा 6 ने प्रथम,रुद्र त्रिपाठी पिता श्रीकृष्ण त्रिपाठी कक्षा 8 ने द्वितीय एवं सक्षम पयासी पिता शिवानंद पयासी कक्षा 6 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं सीनियर वर्ग से आदर्श पाठक पिता सुरेन्द्र पाठक कक्षा 9 ने प्रथम,शुभी जायसवाल पिता राजेश जायसवाल कक्षा 9 एवं हर्षित गुप्ता पिता उमेश गुप्ता कक्षा 9 ने द्वितीय एवं हसन मोहम्मद पिता इरफान मोहम्मद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं परीक्षा में विशेष योगदान देने पर वरिष्ठ अध्यापिका प्रेमलता मिश्रा एवं वरिष्ठ अध्यापक नरेंद्र शर्मा को प्राचार्य रमेश अग्रवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षाध्यापकों द्वारा प्रमाण पत्र, मैडल देकर सम्मानित किया गया। एवं सभी को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रतियोगी परीक्षा को सफल बनाने में संयोजक कंधी लाल गुप्ता गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में सराहनीय योगदान रहा।



## अवैध गोवंश परिवहन की घटना में शामिल फरार 4 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना देवेंद्रनगर अंतर्गत दिनांक 12-13 फरवरी की रात्रि को अमचूई जंगल मार्ग गढ़ीपडरिया मोड के आगे एक कंटेनर ट्रक में गोवंश को भरकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। थाना प्रभारी देवेंद्रनगर संतोष सिंह यादव द्वारा गोवंश के अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही की गई एवं इस घटना में शामिल फरार 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। जिनके नाम शमशेर फकीर पिता पप्पू मुसलमान उम्र 32 साल निवासी ग्राम इमलिया बाग खेलदार चौकी आबूनगर थाना कोतवाली फतेहपुर जिला फतेहपुर उत्तर प्रदेश,ख्वाजा मोहम्मद उर्फ रावबजिया पिता सावरिया बंजारा उम्र 52 साल निवासी मंडी भास्कर गंज थाना जलालाबाद जिला शामली उत्तर प्रदेश, फरीद उर्फ आरिफ अहमद पिता मोहम्मद इकबाल उम्र 41 साल निवासी बिन्नी बस स्टॉप चौकी आबूनगर थाना कोतवाली फतेहपुर जिला फतेहपुर उत्तर प्रदेश, तोसिम बंजारा पिता बाबू बंजारा उम्र 24 साल निवासी ग्राम जलालाबाद थाना भवन जिला शामली उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक खाली कंटेनर कीमत करीब 25 लाख रुपए का जप्त किया गया हैं।

## देवेंद्रनगर में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान निर्धारित समय-सीमा के बाहर अवैध डी.जे. संचालन पर पुलिस की सख्त कार्यवाही

### कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के उल्लंघन पर आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज, लगभग 10 लाख का मशरूका जप्त

पन्ना।



पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं म.प्र. शासन द्वारा कोलाहल (ध्वनि प्रदूषण) नियंत्रण संबंधी जारी दिशा-निर्देशों तथा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशों के पालन में, साथ ही वर्तमान में संचालित बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को बिना सक्षम अनुमति एवं निर्धारित समय-सीमा के बाहर ध्वनि विस्तारक यंत्र/डी.जे. संचालन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक संतोष सिंह यादव, थाना प्रभारी देवेंद्रनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में दिनांक 26.02.2026 को बमरी-बड़ौरा रोड, देवेंद्रनगर में आरोपी मुखलेश कुशवाहा पिता श्याम सुंदर कुशवाहा, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम बगला थाना देवेंद्रनगर जिला पन्ना को पिकअप वाहन क्रमांक डच19ळ। 4672 में बिना सक्षम अनुमति के अत्यधिक ध्वनि स्तर पर डी.जे. बजाते हुए तथा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। जिस पर विधिवत वैधानिक कार्यवाही की गई।

**मौके से पुलिस टीम द्वारा निम्न सामग्री जप्त की गई-** 01 जनरेटर, 10 पार रोड लाइट, 01 बेस पेटी, 03 बड़े साउंड बॉक्स, 01 माउस पैड मशीन, 01 मिक्सर बा-20, पिकअप वाहन क्रमांक डच19ळ। 4672 उपरोक्त डी.जे. सामग्री एवं वाहन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 10,00,000/- है। समस्त सामग्री एवं वाहन को जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना देवेंद्रनगर जिला पन्ना में म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत अपराध क्रमांक 91/26 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**सराहनीय योगदान-** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेंद्रनगर उपनिरीक्षक संतोष सिंह यादव, प्रधान आरक्षक धीरेंद्र सिंह, वीर नारायण सिंह, आरक्षक रोहित बागरी, अंकित त्रिपाठी तथा वाहन चालक पुष्पेंद्र जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गुलगंज में स्कूल वाहन ने 3 साल की मासूम को कुचला, मौके पर ही मौत



छतरपुर।

जिले के गुलगंज क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। यहां 3 वर्षीय मासूम बच्ची माही पिता का नाम मानिक पाल, निवासी बोकना की स्कूल वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार, यह हादसा ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल के संचालक रमेश जैन की इको कार से हुआ, जिसे चालक भज्जू शर्मा चला रहा था। बच्ची को तेज टक्कर लगने से गंभीर चोटें आईं और वह घटनास्थल पर ही नहीं बच पाई।

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें हादसे का पूरा नजारा कैद हो गया है। आरोप है कि वाहन स्कूल द्वारा बच्चों को लाने-ले जाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था, हालांकि यह निजी उपयोग का बताया जा रहा है। गुलगंज थाना पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक भज्जू शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। गुलगंज थाना प्रभारी अर्पित पाराशर ने बताया कि वाहन चालक की गिरफ्तार के प्रयास किए जा रहे हैं जल्द ही आरोपी पुलिस हिरासत में होगा।

### परिजनों ने एसपी कार्यालय में दिया आवेदन

एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत के बाद परिवार को पुलिस से न्याय न मिलने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाए, कि पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की है और न ही आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। मृतक मासूम बच्ची मोहनी उर्फ माही के पिता मानिकपाल ने गुरूवार एसपी कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## खबर संक्षेप



### शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय के नए प्रभारी प्राचार्य बने डॉ. पी.के. दीक्षित

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के तहत डॉ. पी.के. दीक्षित को शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय छतरपुर का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त कर दिया गया है। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सागर संभाग, सागर नीरज दुबे द्वारा जारी आदेश में सह प्राध्यापक गणित डॉ. पी.के. दीक्षित को दिनांक 26 फरवरी 2026 से अतिरिक्त दायित्व के रूप में इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि डॉ. दीक्षित अपने सामान्य कर्तव्यों के अलावा प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य करेंगे। साथ ही मध्यप्रदेश बुक ऑफ फाइनेंशियल पावर्स 1995 (खंड-1, पृष्ठ-2, उपभाग-1) के प्रावधानों के तहत उन्हें कार्यालय प्रमुख तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारी के सभी अधिकार प्राप्त होंगे, जिससे वे संबंधित कार्यों का सुचारु संचालन कर सकेंगे।

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न, 625 मरीजों की जांच, 102 ऑपरेशन हेतु चित्रकूट रवाना



**छतरपुर।** हनुमान टोरिया मंदिर पर हनुमान टोरिया सेवा समिति के तत्वावधान में 26 फरवरी को एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय पूरन लाल पाटकर एवं स्वर्गीय कुसुम पाटकर की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र उमाशंकर भोलेशंकर गिरजा पाटकर तथा पाटकर परिवार के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य आतिथि के रुप में निरवाना फाउंडेशन के संचालक संजय सिंह हनुमान टोरिया के महंत राजू महाराज सुरेंद्र अग्रवाल प्रभा वैद्य शंकर सोनी डॉक्टर अरविंद मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। हनुमान टोरिया सेवा समिति के सदस्य पप्पू माली ने जानकारी देते हुए बताया कि सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आए नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अरविंद मिश्रा एवं डॉ. प्रदीप मिश्रा सहित 10 सदस्यीय चिकित्सकीय दल द्वारा कुल 625 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। इनमें से 102 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित कर चित्रकूट भेजा गया, जबकि अन्य मरीजों को आवश्यक दवाइयां एवं चश्मों का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में नेत्रदान महादान के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए नेत्रदान का संकल्प अभी कराया गया जिसमें सज्जन सोनी भोले पाटकर सुरेश जैन ने नेत्रदान का संकल्प लिया और फार्म भरा।

# उदयपुरा आश्रम में लगा वृहद विकलांग सहायता शिविर



**छतरपुर।** स्वामी विवेकानंद ए एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी उदयपुरा के तत्वाधान में आज 26 फरवरी से 1 मार्च तक के लिए वृहद दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ आज भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमतीनंदिता पाठक ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की स्वामी विवेकानंद समिति लगातार गरीबों निशक्तजनों महिलाओं के लिए काम कर रही है। जिनके हाथ पैर नहीं है उन्हें कृत्रिम अंग लगाए जा रहे हैं। ट्राई साइकिल व्हीलचेयर प्रदान की जा रही है यह गरीब और बेसहारा लोगों के लिए बहुत बड़ी मदद है भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति उपकरण वितरण में बड़ा सहयोग कर रही है आज से शुरू हुए इस शिविर में पहले दिन ही 50 से अधिक दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन किया गया और उन्हें सामग्री प्रदान की गई आगामी 6 दिनों में रजिस्ट्रेशन कराने वाले दिव्यांगों को कृत्रिम अंग डॉक्टर की सहायता से लगाए जाएंगे। इसके लिए समिति ने बड़ी संख्या में सामग्री बुलवाई है। आज शुभारंभ अवसर पर समिति के सदस्य अलखराम दुबे, जेपी शर्मा, अग्रवाल साहब, डॉ विनोद गुप्ता, एडवोकेट वीरेंद्र तिवारी, मुकेश पांडे, सिद्धार्थ शांतनु दुबे सृजन संस्था से संजय चौबे, रितिका ठाकुर, सुनील पांडे, राजू सिंह चौहान उपस्थित रहे। संस्था के शिविर में सहयोग करने वाले विभिन्न समाजसेवियों को मंच से सम्मानित भी किया गया। इसी संस्था के तत्वाधान में हर महीने की 11 तारीख को उत्सव पैलेस खजुराहो में आंखों का शिविर भी आयोजित किया जाता है।

# महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार के आरोप, छात्र संगठन ने आंदोलन की दी चेतावनी



**छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाते हुए छात्रों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुंदेलखंड छात्र संगठन के प्रमुख सत्येंद्र शर्मा ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि कुलसचिव द्वारा काम के नाम पर करोड़ों का घोटाला किया गया है, जिसमें बाउंड्री वॉल सहित अन्य निर्माण कार्यों के नाम पर बड़ी राशि निकाली गई, जबकि विश्वविद्यालय में छात्रों को बुनियादी सुविधाओं का अभाव झेलना पड़ रहा है।**

सत्येंद्र शर्मा ने चेतावनी दी है कि यदि कुलसचिव को जल्द से जल्द हटाया नहीं गया तो बुंदेलखंड छात्र संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। उन्होंने मांग की है कि विश्वविद्यालय में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

इस मुद्दे पर छात्र नेता कुश बुंदेला ने भी विश्वविद्यालय में निर्माण कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये के गबन का आरोप लगाया है। वहीं आयुष तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय में कक्षाएं समय पर नहीं लग रही हैं, वॉशरूम में सफाई का अभाव है, पंखे खराब पड़े हुए हैं और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। छात्रों को लगातार अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है, जबकि दीक्षांत समारोह जैसे आयोजनों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इस बीच छतरपुर की विधायक ललिता यादव ने भी विधानसभा में इस मामले को जोर-शोर से उठाया है। उन्होंने विश्वविद्यालय में निर्माण कार्यों और अन्य मदों में अनियमितताओं का मुद्दा उठाकर ध्यान आकर्षित किया और जांच की मांग की है।

छात्र संगठन का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज होगा।

# स्कूल संचालक ने कक्षा 8 के छात्र का सिर फोड़ा, एफआईआर दर्ज



**छतरपुर। शहर में एक निजी स्कूल में छात्र के साथ हुई क्रूर मारपीट ने पूरे इलाके में आक्रोश पैदा कर दिया है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पठापुर रोड स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में कक्षा आठवीं के छात्र अभय राज रावत के साथ स्कूल संचालक राजेश द्विवेदी पर गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि संचालक ने छात्र का सिर फोड़ दिया और मारपीट के बाद मौके से फरार हो गए।**

पीड़ित छात्र के अनुसार, वह बोर्ड परीक्षा का पेपर दे रहा था। दोपहर करीब 3:30 बजे जब वह बाथरूम गया, तभी स्कूल संचालक राजेश द्विवेदी ने स्कूल के सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए और पीछे से बाथरूम में पहुंचकर उसके बाल पकड़कर जमकर मारपीट की। इस दौरान छात्र के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना के बाद संचालक मौके से भाग निकले। स्कूल स्टाफ ने छात्र के पिता बालेंद्र कुमार रावत को सूचना दी कि उनका बेटा बाथरूम में गिर गया है, लेकिन छात्र ने पिता को पूरी घटना बताई। पिता का कहना है कि वे पहले इसी स्कूल में शिक्षक और मैनेजमेंट से जुड़े थे, लेकिन पिता गणेश प्रसाद रावत के निधन के बाद पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण उन्होंने काम छोड़ दिया था। इसी बात को लेकर संचालक कई दिनों से दबाव बना रहे थे और छात्र को धमकी दी गई थी कि यदि पिता दोबारा स्कूल में काम शुरू नहीं करते तो उसे बोर्ड परीक्षा में फेल करा दिया जाएगा। पिता ने आगे आरोप लगाया कि जब उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने की बात कही तो संचालक के पुत्र उत्कर्ष द्विवेदी ने उनके साथ अभद्रता की और गाली-गलौज की। छात्र और उसके पिता ने पूरे मामले की शिकायत सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी से की, जिन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एफआईआर दर्ज कर ली। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पड़ोसी पर गेट लगाकर आंगन घेरने का आरोप

# युवक ने की एसपी कार्यालय में शिकायत



छतरपुर।

लहरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्राहा निवासी अभिषेक विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर अपने पड़ोसी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी रज्जू खान ने सार्वजनिक भूमि और उनके निजी आंगन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया है। उन्होंने दीवार में गेट लगाकर अभिषेक के आंगन की ओर रास्ता खोलने की कोशिश की, जिससे विवाद उत्पन्न हो गया।

अभिषेक विश्वकर्मा के अनुसार यह विवाद पुराना है और वर्ष 2005 से 2007 के बीच तहसीलदार न्यायालय में चल चुका प्रकरण में सार्वजनिक भूमि पर कोई निर्माण न करने के स्पष्ट आदेश दिए गए थे। इसके बावजूद आरोपी ने इन आदेशों की अनदेखी करते हुए निर्माण कार्य जारी रखा। शिकायत में बताया गया कि 18 फरवरी 2026 की सुबह जब अभिषेक उठे तो उन्हें दीवार में गेट लगा हुआ मिला। विरोध जताने पर स्थिति विवादास्पद हो गई और परिवार को जान से मारने की धमकी भी मिली।

इसके बाद अभिषेक ने डायल 112 पर सूचना दी और थाने में प्रारंभिक शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने एसपी कार्यालय में दिए आवेदन में मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है, ताकि सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा हटाया जा सके और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित हो। पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने के बाद जांच शुरू करने की बात कही है।

# 6 साल तक के सभी बच्चों का पंजीकरण आंगनबाड़ी केन्द्रों में होः कलेक्टर

**6 माह से 6 साल तक के कोई भी बच्चे आंगनबाडियों में पंजीकरण से छूटें नहीं**



**छतरपुर। महिला बाल विकास विभाग की बैठक गुरूवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, डीपीओ महिला बाल विकास दिनेश दीक्षित, सीडीपीओ सहित महिला सुपरईवाजर उपस्थित रहीं।**

कलेक्टर श्री जैसवाल ने निर्देश दिए कि 6 माह से 6 साल तक के कोई भी बच्चे आंगनबाडियों में पंजीकरण से छूटें नहीं। इसके संबंध में कार्यकर्ताओं से प्रमाण पत्र लें और यदि समग्र ई-केवायसी एवं आधार कार्ड की समस्याएं आ रही हैं तो उनका निराकरण करें।

उन्होंने बक्सवाहा परियोजना में कुछ शेष आंगनबाडियां नहीं खुलने पर स्पष्ट निर्देश दिए कि माह में निर्धारित दिनों में शतप्रतिशत आंगनबाड़ी केन्द्र खुलें और पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित करें। गौरिहार परियोजना में आंगनबाडियों में प्री स्कूल एजुकेशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्री स्कूल एजुकेशन दिलाएं। गौरिहार में बच्चों द्वारा प्री स्कूल एजुकेशन न दिए जाने पर कलेक्टर ने कहा कि जो बच्चे केन्द्रों में नहीं आ रहे हैं, उनके स्कूल जाने के संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। टीएचआर बेनेफिशियरी हेतु गर्भवती, धात्री महिलाएं एवं 0-3 वर्ष के बच्चों के आधार कैम्पों में ई-केवायसी, फेस केप्चरिंग कराएं जिसके लिए विशेषरूप से राजनगर-2, बड़ामलहरा-2 परियोजना को निर्देश दिए। साथ ही बक्सवाहा सीडीपीओ की टीएचआर बेनेफिशियरी में खराब प्रगति पर शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### हॉट कुक्ड मील वितरण की समीक्षा

कलेक्टर ने हॉट कुक्ड मील वितरण की समीक्षा करते हुए बड़ामलहरा-1 सुपरवाईजर द्वारा पोर्टल पर एंट्री नहीं करने पर 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से पोर्टल पर एचसीएम वितरण की एंट्री सुनिश्चित करें। अपार एवं आभा आई-डी में बनाए जाने संबंधी जन्म प्रमाण पत्र संबंधी समस्या के निराकरण कर आईडी बनाने के निर्देश दिए। चयनित सैम बच्चों के विरूद्ध एनआरसी में बच्चों को भर्ती कराएं। बक्सवाहा में एनआरसी में बच्चों की भर्ती कम होने पर सीडीपीओ की 1 वेतन वृद्धि रोकने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लाड़ली लक्ष्मी योजना में बड़ामलहरा-1 एवं बिजावर परियोजना में लक्ष्य के विरूद्ध आवेदनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं छतरपुर नवीन परियोजना सीडीपीओ को योजना में खराब प्रगति पर शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों के समग्र सत्यापन के भी निर्देश दिए। पीएम मातृ वंदना योजना में सेकंड वर्थ चाइल्ड होने पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पोषण ट्रेकर पर दर्ज जनवरी माह के सेम मेम बच्चों के चिन्हांकन की समीक्षा की। जिसमें निर्देश दिए कि सेम मेम बच्चों के डोर-टू-डोर सर्वे कर चिन्हांकन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कमजोर बच्चों के सही वजन कर सेम मेम बच्चों का चिन्हांकन करें और कोई भी बच्चा चिन्हांकन से छूटे नहीं। साथ ही गलत डाटा दर्ज करने वाली कार्यकर्ताओं पर कार्यवाही करें एवं पोषण ट्रेकर पर शतप्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करें। उन्होंने सुपरवाईजरों को य आंगनवाडि़यों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा।

# कन्या महाविद्यालय में लगा ड्राइविंग लाईसेंस शिविर



छतरपुर।

शासकीय कन्या महाविद्यालय छतरपुर परिसर में आज एक विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देश पर तथा आरटीओ मधु सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शिविर में छात्राओं और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑन-द-स्पॉट आवेदन, दस्तावेज़ सत्यापन और आवश्यक परीक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस विशेष अभियान के अंतर्गत 80 से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए। बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और परिवहन विभाग की इस पहल की सराहना की।

आरटीओ मधु सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य युवाओं को विधिसम्मत और सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक करना है। वहीं कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देशन में जिले में प्रशासनिक सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने भी इस आयोजन में सहयोग प्रदान किया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी शिविर आयोजित करने की सहमति जताई।

# कलेक्टर-एसपी ने ली आपराधिक समीक्षा बैठक



छतरपुर।

**जिला कलेक्टर छतरपुर पार्थ जायसवाल एवं पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति, चिन्हित प्रकरणों की समीक्षा, राहत प्रकरण, मेडिकल रिपोर्ट एवं नशीली सामग्री के विरुद्ध कार्यवाही के संबंध में पृथक-पृथक बैठकें आयोजित की गईं। बैठक के दौरान निम्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।**

जिला स्तरीय बैठक में चिन्हित गंभीर एवं सनसनीखेज अपराधों की प्रकरणवार समीक्षा की गई। प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित लाइजनिंग अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। दोषसिद्ध एवं दोषमुक्त प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। थाना ओरछा रोड अंतर्गत ग्राम धमोरा हत्या प्रकरण सहित अन्य चिन्हित मामलों में आरोपियों को दंड दिलाने संबंधी कार्यवाही पर चर्चा की गई।

### एससी/एसटी प्रकरणों के राहत प्रकरणों की समीक्षा

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित लंबित राहत प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### मेडिकल एवं विधिक संबंधी निर्देश

नवीन कानूनों के अनुरूप प्रकरणों में एमएलसी रिपोर्ट, पीएम रिपोर्ट एवं अन्य आवश्यक चिकित्सीय दस्तावेज समय पर प्राप्त हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात आधारभूत संरचना के विकास तथा यातायात संबंधी समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु यातायात पुलिस एवं संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

### नशीली सामग्री के विरुद्ध कार्यवाही

ड्रग्स, अवैध मादक पदार्थ एवं नशीली सामग्री के विरुद्ध प्रशासन एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अधिक प्रभावी एवं सघन कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ ओम नमः शिवाय अरजरिया, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### दामोदर यादव की प्रस्तावित सभा रोकने की मांग

# हिंदू समाज ने कलेक्टर कार्यालय में दिया आवेदन



**छतरपुर।** शहर में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और माहौल खराब होने की आशंका जताते हुए हिंदू समाज के लोगों ने आजाद समाज पार्टी के नेता दामोदर यादव की प्रस्तावित सभा को रोकने की मांग की है। इस संबंध में विनोद मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय में औपचारिक आवेदन प्रस्तुत किया।

आवेदन देते समय विनोद मिश्रा ने बताया कि दामोदर यादव की सभा से शहर का माहौल बिगड़ सकता है और उनके द्वारा की जाने वाली टिप्पणियां गलत या विवादास्पद हो सकती हैं, जिससे सामाजिक तनाव बढने की आशंका है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर यह आवेदन दिया गया है ताकि प्रशासन सभा की अनुमति पर पुनर्विचार करे और इसे रोका जाए।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने मीडिया पर प्रसारित समाचार पर लिया संज्ञान

### 108 संचालन कंपनी द्वारा एम्बुलेंस कर्मचारी को किया गया पद से पृथक

**रीवा** । कलेक्टर ने मीडिया के माध्यम से प्रसारित समाचार पर तत्काल संज्ञान लिया है। बजरंग नगर कालोनी के पास एक व्यक्ति अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर गया और वहां उपस्थित लोगों द्वारा 108 एम्बुलेंस को सूचना दी गयी। एम्बुलेंस तो पहुंची लेकिन उस पर उपस्थित मेडिकल टेक्नीशियन सुधीर शुक्ला मरीज को अस्पताल ले जाने के बजाय लोगों से बहस करने लगा और मरीज को मौके पर छोड़कर चला गया। कलेक्टर ने सीएमएचओ को तत्संबंध में एम्बुलेंस कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सीएमएचओ द्वारा राष्ट्रीय स्वस्थ्य मिशन के मिशन संचालक को अवगत कराया गया। उक्त प्रकरण में गंभीरता से कार्यवाही करने के निर्देश 108 संचालन कंपनी को दिये गये। 108 संचालन कंपनी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए एम्बुलेंस कर्मचारी, मेडिकल टेक्नीशियन सुधीर कुमार शुक्ला को पद से पृथक कर दिया गया है।

## कार्य में लापरवाही बरतने तथा अभद्रता करने पर थनवरिया ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**रीवा** । जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने सिरमौर जनपद पचांयत के थनवरिया ग्राम पंचायत सचिव नारेन्द्र प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया है। जारी निलंबन आदेश के अनुसार पंचायत के सरपंच और सचिव के बीच आपसी विवाद है, जिसके कारण जनपद पंचायत सिरमौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सचिव के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने का प्रस्ताव प्रेषित किया। जिस पर सरपंच एवं सचिव की समक्ष में सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान पाया गया कि सचिव द्वारा पंचायत में सामुदायिक एवं हितग्राहीमूलक के कार्य नहीं किए जा रहे हैं। महिला सरपंच को अपमानित कर उनसे अभद्रता की गई, जिसके विरूद्ध सचिव पर थाना सेमरिया में प्रकरण भी दर्ज कराया गया है। सचिव के उक्त कृत्य मध्यप्रदेश पंचायत सेवा आचरण नियम के 1998 नियम 3 (3) के प्रतिकूल होकर गंभीर कदाचरण की श्रेणी के साथ दण्डनीय भी है। जिस पर सीईओ जिला पंचायत ने थनवरिया ग्राम पंचायत सचिव नारेन्द्र प्रताप सिंह को मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत सिरमौर नियत किया गया है और इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## पेयजल समस्या के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

**रीवा** । ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 07662-297441 है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री खण्ड रीवा चित्रांशु ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैंडपंपों के सुधार के लिए कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। कन्ट्रोल रूम का प्रभारी श्यामसुंदर चौरसिया मोबाइल नम्बर 9203208466 को बनाया गया है। कंट्रोल रूम में कर्मचारी रविशंकर प्रजापति, जितेन्द्र कुमार शर्मा, उपेन्द्र शर्मा तथा गोरेलाल शर्मा को तैनात किया गया है। सभी कर्मचारी निर्धारित कार्य अवधि के दौरान दूरभाष पर प्राप्त पेयजल संबंधी शिकायतों को पंजी में में दर्ज करने के साथ ही संबंधित उपखण्डों के सहायक यंत्री और उपयंत्री को शिकायत पर आवश्यक कार्यवाही के लिए सूचित करेंगे। संबंधित सहायक यंत्री और उपयंत्री प्रकरण में तत्काल कार्यवाही करते हुए शिकायत का निराकरण करेंगे और इसकी सूचना कंट्रोल रूम को देंगे ताकि संधारित पंजी में निराकरण की प्रविष्टि की जा सके।

# मंडी प्रबंधन की मिलीभगत से व्यापारी कर रहे मौज

**मंडी में किसानों को शेड अलॉट, कब्जा लायसेंसी व्यापारियों का किसानों को बैठने तक की जगह नहीं मिलती, सड़क पर खड़े रहते हैं**





**रीवा।** करोड़ों की लागत से करहिया मंडी विकसित तो कर दी गई लेकिन अब मंडी प्रबंधन की लापरवाही के चलते वहां आने वाले किसानों को सुविधा नहीं मिल पा रही आलम। यह है कि अनाज लेकर आने वाले किसान इधर उधर भटकते उनके बैठने के लिए बनाए गए सेड में व्यापारियों का कब्जा है और अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। आलम यह है कि न तो इस मामले में मंडी सचिव गंभीरता दिखा रहे हैं और ना ही मंडी प्रबंधन कहने को तो इस मंडी को बी ग्रेड का दर्जा मिला है, लेकिन जिस तरह से अव्यवस्था बनी हुई है, उससे ऐसा लगता है कि मंडी प्रबंधन द्वारा किसानों के हित में कोई चिंता नहीं जाती। गौरतलब है कि कृषि उपज मंडी करहैया में एक तरफ किसानों के लिए व्यवस्था बनाई है तो दूसरी तरफ सब्जी मंडी बनाई गई है जहां व्यापारी अपना कारोबार करते हैं लेकिन सब्जी मंडी में बनाए गए सेडो में जहां व्यापारी अवैध कब्जा जमा कर बैठे हैं तो वहीं सब्जी का कारोबार करने के लिए किराए पर सेड दे दिया गया। मजे की बात यह है कि इसकी पूरी जानकारी मंडी प्रबंधन को है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती। सूत्रों की मानें तो 10 से 15 हजार रुपये में सेड को ही किराए में देकर व्यापारी किराया वसूल रहे। मंडी के कर्मचारी इन्हीं व्यापारियों से हर रोज अपने और अपने परिवारजनों के लिए सब्जी मुफ्त में लेकर आते हैं और उन्हें उनका संरक्षण मिलता है। बता दे किसानों की सुविधा के लिए जगह-जगह मंडी का निर्माण करवाया गया है ताकि किसान अपने क्षेत्र की मंडी में आकर अपनी उपज विक्रय कर सके, लेकिन अधिकांश मंडियों में किसानों के लिए बने शेड में लायसेंसी व्यापारियों ने स्थाई रूप से कब्जा कर रखा है। जिससे मंडी में अपनी उपज बेचने आए किसानों को शेड में स्थान नहीं मिल पाता, मजबूरीवश उन्हें सड़क पर ही खड़े रहना पड़ता है। जिसका प्रमाण करहिया मंडी में देखा जा सकता है, जहां लायसेंसी व्यापारियों ने स्थाई रूप से अपना अधिकार जमा रखा है जो क्रय की गई उपज इन्हीं शेडों में जमाकर रखते हैं। जबकि सब्जी व्यापारी भी शेडों में कब्जा किए किसानों से क्रय की जाने वाली सब्जी आदि वहीं जमाकर रखते हैं।

### मंडी प्रबंधन बना लापरवाह

उपज व सब्जी बेचने आए किसानों को शेड से बाहर सड़क पर चाहे धूप हो या बरसात खड़े रहना पड़ता है। क्रय की उपज, सब्जी व्यापारियों को उसी दिन हटाना है। नियमानुसार मंडी में उपज क्रय करने वाले लायसेंसी व्यापारियों को क्रय की गई उपज व सब्जी उसी दिन अपने निजी गोदाम अथवा दुकान मे ले जाई जाना है, लेकिन यहां ऐसा नहीं किया जाता। कई दिनों तक क्रय की गई उपज, सब्जी मंडी परिसर के शेडों में ही पड़ी रहती है। व्यापारी अपनी सुविधानुसार फसल यहां से ले जाते हैं अथवा यहीं रखे रहते हैं। शेडों में व्यापारियों द्वारा किए गए स्थाई कब्जे को मंडी प्रशासन भी हटाने को तैयार नहीं, न ही कोई कार्रवाई करने को। व्यापारियों द्वारा मंडी प्रशासन को इस अवैध कब्जे का किराया भी नहीं दिया जाता। जिससे मंडियों में लायसेंसी व्यापारियों की मनमानी बढ़ती जा रही है।

### मंडी की अधिकांश दुकानें पड़ी हैं खाली

व्यापारियों के लिए मंडी परिसर में पर्याप्त दुकानें भी बनी हुई है, अधिकांश दुकानें खाली ही पड़ी हैं। मंडी अधिकारी, कर्मचारियों की मिलीभगत से व्यापारियों को मंडी के शेड का उपयोग मुफ्त में करने को मिल रहा है ऐसे में व्यापारी भला दुकानें क्यों लेने लगे ?

# लोक सेवा आयोग की राज्य पात्रता परीक्षा एक मार्च को

**रीवा** । मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग अन्तर्गत राज्य पात्रता परीक्षा एक मार्च को रीवा जिले के 23 परीक्षा केन्द्रों में आफलाइन पद्धति से संपन्न होगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने एक पाली में दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र में केन्द्राध्यक्षों की डूटी लगाई है। परीक्षा को सुगमतापूर्वक संपादित कराने के लिए उड़नदस्ता दल भी बनाये गये हैं। पहले उड़नदस्ता दल में सुरभि जैन डिप्टी कलेक्टर एवं ऋतु उपाध्याय सीएसपी, दूसरे उड़नदस्ता दल में संयुक्त कलेक्टर सुधीर बेक एवं राजीव पाठक सीएसपी तथा तीसरे उड़नदस्ता दल में एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी एवं डिप्टी एसपी उदित मिश्रा को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य पात्रता परीक्षा गवर्मेन्ट साइंस कालेज, गर्वमेंट पी.जी. गर्ल्स कालेज, मार्तण्ड हायर सेकेण्डरी स्कूल नं. 2, मार्तण्ड हायर सेकेण्डरी स्कूल नं. 3, गर्वमेंट एस.के. गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल, शासकीय पी.के. गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल, गर्वमेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल पांडेन टोला, गर्वमेंट टीआरएस कालेज, गर्वमेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल नं.1, गर्वमेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल नं.2, महारानी लक्ष्मीबाई कालेज आफ टेक्नालाजी युनिवर्सिटी, ज्योति स्कूल पो.आ. जेपी, इंजीनियरिंग कालेज, सस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल, उमादत्त स्मृति हायर सेकेण्डरी स्कूल, गीतांजलि पब्लिक स्कूल, सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल दीनदयाल धाम, सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल, ज्ञान स्थली सीनियर सेकेण्डरी, बालभारती स्कूल, गर्वमेंट मार्तण्ड हायर सेकेण्डरी स्कूल नं. 1, मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल में परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। इन केन्द्रों में 8822 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### चना एवं मसूर फसलों के उपार्जन हेतु पंजीयन 16 मार्च तक

**रीवा** । रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर फसलों का पंजीयन 20 फरवरी से आरंभ होकर 16 मार्च तक किया जायेगा। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों से अपेक्षा की है कि नियत तिथि तक अपनी फसल के उपार्जन के लिये पंजीयन करा लें।

## शादी समारोह में बवालः बेटियों की शादी का विरोध, परिजनों के बीच जमकर मारपीट

**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिड़वा स्थित एक विवाह घर में रविवार देर रात पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शादी समारोह के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बिड़वा में विगत दिवस देर रात करीब 1 बजे दो सगी बहनों का विवाह समारोह चल रहा था। दुल्हन की मां शशिकला सेन ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण बेटियों के विवाह की जिम्मेदारी उनके भाई गया प्रसाद ने उठाई थी। परिवार की सहमति से विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आरोप है कि विवाह की रस्में चल रही थीं, तभी दुल्हन के ससुराल पक्ष के कुछ रिश्तेदार जिनमें ससुर, देवर, नंदोई, नंद और बुआ सहित अन्य परिजन शामिल थे ने शादी का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। समारोह स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और शादी में शामिल मेहमानों में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि मारपीट की पूरी घटना विवाह घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष के लोग तत्काल चोरहटा थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

### कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत गंगेव पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

**रीवा** । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जनपद पंचायत गंगेव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्राची चौबे पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जनपद सीईओ पर यह जुर्माना लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर लगाया गया है। कलेक्टर इस संबंध में पूर्व में जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी कर समय सीमा से बाहर लंबित आवेदनों पर समाधान कारक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन सीईओ द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। सीईओ को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत बिना किसी पर्याप्त तथा युक्तियुक्त कारण से सेवा प्रदान करने में विलंब का दोषी पाया गया। जिस पर कलेक्टर ने सख्त कार्रवाई करते हुए जनपद सीईओ पर 10 हजार का जुर्माना लगाया है और कहा है कि सीईओ जुर्माने की राशि लोक सेवा गारंटी अधिनियम में जमा कराकर चालान की प्रति तीन दिवस के अंदर कलेक्टर कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

**बरौहा गांव के दूल्हे ने रचा अनोखा इतिहास, दूर-दूर से देखने पहुंचे लोग**

# जिले में हेलीकॉप्टर से दुल्हनिया लेने पहुंचा दूल्हा

**रीवा।** जिले के सिरमौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरौलिया के ग्राम बरौहा में हुई एक शादी इन दिनों क्षेत्र ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बनी हुई है। इसकी खास वजह दूल्हे की शाही एंट्री रही, जिसने पारंपरिक घोड़ी या लग्जरी कार की जगह हेलीकॉप्टर से बारात निकालकर सबको चौंका दिया।

बरौहा निवासी राकेश सिंह बघेल के बड़े पुत्र अमित सिंह बघेल का विवाह 26 फरवरी को नगर परिषद डभौरा अंतर्गत ग्राम जतरी निवासी धानेंद्र सिंह चौहान की पुत्री रिया सिंह चौहान के साथ संपन्न हुआ। विवाह समारोह अपने आप में भव्य रहा, लेकिन सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र दूल्हे का हेलीकॉप्टर से आगमन बना।

जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर ने बरौहा गांव से उड़ान भरी और सीधे डभौरा क्षेत्र के जतरी गांव में लैंडिंग की। जैसे ही आसमान में हेलीकॉप्टर दिखाई दिया, गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई इस अनोखी बारात को देखने और अपने मोबाइल कैमरे में कैद करने के लिए उत्साहित नजर आया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पहली बार इस तरह की शाही बारात देखने को मिली।



दूल्हे अमित सिंह बघेल ने बताया कि हेलीकॉप्टर से बारात निकालना उनके पिता की वर्षों पुरानी इच्छा थी। परिवार लंबे समय से कुछ अलग और यादगार करने की सोच रहा था। उनका उद्देश्य केवल शौक पूरा करना नहीं, बल्कि अपने छोटे से गांव बरौहा को एक अलग पहचान दिलाना भी था। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग गांव का नाम पूछने पर उसे पहचान नहीं पाते थे, इसलिए परिवार ने ऐसा आयोजन करने का निर्णय लिया जिससे गांव चर्चा में आए।

उल्लेखनीय है कि राकेश सिंह बघेल का परिवार वर्ष 1994 से पुणे में निवास कर रहा है, जहां उनका स्वयं का उद्योग संचालित है। बावजूद इसके परिवार का अपने पैतृक गांव और मिट्टी से गहरा लगाव बना हुआ है। इसी भावनात्मक जुड़ाव और पहचान की भावना ने इस अनोखी शाही बारात को जन्म दिया।

### गांव का नाम रोशन करने के लिए बेटे ने पूरा किया सपना

दूल्हा बनकर हेलीकॉप्टर से बारात लेकर ससुराल गए अमित सिंह बघेल से बात की गई तो उन्होंने बताया की उनके पिता राकेश सिंह बघेल का वर्षों पुराना सपना था कि रीवा शहर से 60 किलोमीटर दूर बसे छोटे से बरौहा गांव को पहचान मिले. दूर-दूर तक लोग इस गांव को पहचाने,अक्सर देखा जाता था, जब लोग गांव का नाम पूछते थे, तब बताते हुए बरौहा गांव का नाम अंजान सा लगता था. पिता का सपना साकार करने के लिए परिजनों ने कुछ अलग और यादगार करने की सोची,इसी दौरान मेरी शादी तय हुई और योजना बनाई गई कि बारात हेलीकॉप्टर से जाएगी, इससे गांव के नाम को एक नई पहचान मिलेगी।



### 32 सालों से गांव से दूर परिवार, पुस्तैनी गांव से विवाह

बता दें अमित सिंह बघेल का परिवार 90 के दशक से महराष्ट्र के पूणे में निवासरत है और वहीं पर उनका खुद का उद्योग भी स्थापित है. 32 वर्षों तक गांव और मिट्टी से दूर रहने के बावजूद भी परिवार को गांव से गहरा लगाव है, इसी लगाव के चलते परिवार ने गांव के पुस्तैनी घर से वैवाहिक आयोजन किया और हेलीकॉप्टर से बारात निकाली, ताकि गांव का नाम भी रोशन हो सके. पिता का सपना भी पूरा हो जाए. हेलीकॉप्टर से निकली यह बारात बरौहा गांव ही नहीं बल्कि पूरे सिरमौर विधानसभा सहित रीवा के साथ पूरे इंटरनेट पर छाई हुई है. इस शाही वैवाहिक आयोजन की तस्वीर और हेलीकॉप्टर से आई बारात के वीडियो सोशल मीडिया में तेजी के साथ सर्कुलेट हो रहें हैं।

## अवैध होर्डिंग व बैनर पर निगम की सख्ती, की कार्रवाई

**रीवा।** शहर की सुंदरता को बाधित कर रहे अवैध होडिंग और बैनर के खिलाफ नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाया है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी आउटडोर मीडिया के नेतृत्व में नगर निगम की अतिक्रमण टीम ने सिरमौर चौक से लेकर सुभाष चौक तक विशेष अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग, बैनर और पोस्टरों को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान पाया गया कि कई दुकानदारों और संस्थानों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अवैध बैनर और होर्डिंग एवं रोड पटरी पर दुकान लगाए थे, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी और शहर की स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण प्रभावित हो रहा था। निगम की टीम ने मौके पर रोड पटरी से दोनों साइड अतिक्रमण हटाने के साथ ही रू. 5000 की चालानी कार्रवाई की गई। इसके साथ ही सॉई मंदिर के पास, मनकामेश्वर मंदिर के पास, धोबिया टंकी, स्टेडियम तिराहा, विश्वविद्यालय मार्ग से सड़क पटरी से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। साथ ही अवैध होर्डिंग या बैनर से संबंधित लोगों को सख्त चेतावनी दी कि यदि दोबारा अवैध होर्डिंग या बैनर लगाए गए तो मीडिया आउटडोर 2017 नियम के तहत प्रतिदिन जुर्माना लगाया जाएगा साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे मीडिया आउटडोर 2017 नियम के तहत विज्ञापन हेतु पंजीकरण करा लें एवं बिना अनुमति के किसी भी स्थल पर होर्डिंग या बैनर न लगाएं। साथ ही, शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सिंह तोमर, अतिक्रमण प्रभारी सुखेंद चतुर्वेदी, रावेंद्र शुक्ला के साथ अतिक्रमण दस्ता मौजूद रहा।



## जिले में डंपर की टक्कर से प्रधान आरक्षक की मौत, चित्रकूट में थे पदस्थ

### चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धौउचट के पास हुई घटना




**रीवा।** जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में प्रधान आरक्षक राजेंद्र शुक्ल की मौत हो गई। वह ड्यूटी पर जाते समय डंपर की चपेट में आ गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेंद्र शुक्ल निवासी मानिकवार, जिला रीवा, पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ थे और वर्तमान में चित्रकूट में सेवाएं दे रहे थे। इन दिनों उनकी ड्यूटी पीटीएस रीवा में लगी हुई थी। ड्यूटी के सिलसिले में वह चोरमारी गांव स्थित अपनी बहन के घर ठहरे हुए थे और प्रतिदिन सुबह वहां से पीटीएस के लिए रवाना होते थे। परिजनों के अनुसार, सोमवार सुबह लगभग 5 बजे वह बहन के घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। ग्राम धौउचट के पास पहुंचते ही मिट्टी से भरे एक डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के रिश्तेदार द्वारिका प्रसाद मिश्रा ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर आगे चल रहा था। इसी दौरान सामने अचानक मवेशी आ जाने पर चालक ने वाहन को साइड देने का प्रयास किया, जिससे डंपर के पिछले हिस्से से प्रधान आरक्षक की बाइक टकरा गई।

हालांकि, परिजनों ने घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मौके पर पहुंचने पर डंपर के टायर खुले हुए मिले और घटनाक्रम को बदलने का प्रयास किया गया। परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। चोरहटा थाना पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। डंपर को जब्त कर लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है।

# मऊगंज विधायक डेढ़ महीने बाद अपने क्षेत्र लौटे, जनता का जताया आभार

**मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल लगभग डेढ़ महीने के लंबे अंतराल के बाद वापस अपने क्षेत्र पहुँचे। क्षेत्र में कदम रखते ही उन्होंने स्थानीय जनता से मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम जानी। विधायक के आगमन पर समर्थकों और स्थानीय लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।**

### कठिन समय में धैर्य रखने के लिए धन्यवाद

मीडिया से बातचीत के दौरान जब विधायक प्रदीप पटेल से उनकी अनुपस्थिति और क्षेत्र की स्थिति पर सवाल पूछे गए, तो उन्होंने बेहद भावुक और सकारात्मक अंदाज़ में जवाब दिया। उन्होंने कहाः

"मैं अपने क्षेत्र की जनता को हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। एक ऐसा कठिन समय आया था जिसमें धैर्य की बहुत आवश्यकता थी। मुझे गर्व है कि मेरी जनता ने धैर्य रखा और उस कठिन समय को मजबूती से निकाला है।"



### मीडिया और जनता का माना आभार

विधायक ने न केवल जनता की सराहना की, बल्कि मीडिया जगत को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में सूचनाओं के आदान-प्रदान और सहयोग के लिए वे सभी के आभारी हैं।

### प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक 12 मार्च को

**रीवा** । मध्यप्रदेश प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग भोपाल की अध्यक्षता में संभागीय बैठक 12 मार्च को आयोजित की जाएगी। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। बैठक में आईजी, डीआईजी, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, एसपी और संभागीय अधिकारियों से उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

**बिजनेस साइट**

## फ्लेक्सीकैप फंड्स के साथ हर मार्केट साइकिल का फायदा लें

**सतना।** सोचिए कि 2024 में आपने स्मॉल कैप स्पेस में भारी निवेश किया है - तो साल के आखिर में आपको अच्छा रिटर्न मिलेगा। अब सोचिए कि 2025 में आप एक स्मॉल कैप कंसंट्रेटेड पोर्टफोलियो रखते हैं - तो आपका पोर्टफोलियो शायद बहुत ज्यादा घाटे में होगा। या इसका उल्टा सोचिए। 2024 में ज्यादातर लार्ज कैप पोर्टफोलियो स्मॉल कैप्स में शानदार रैली से चूक जाता। लेकिन 2025 में वही लार्ज कैप एक्सपोजर तेजी में चल रहे शेयर मार्केट में करेक्शन होने पर भी काफी हद तक स्टेबल रिटर्न देता।

यह इक्विटी इन्वेस्टिंग की एक खास बात को दिखाता हैः स्मॉल, मिड या लार्ज कैप सेगमेंट में कंसंट्रेटेड इक्विटी पोर्टफोलियो रखना लंबे समय तक पैसा बनाने का सस्टेनेबल तरीका नहीं है। हर मार्केट-कैप सेगमेंट अपनी ताकत और कमजोरी के साइकिल से गुजरता है। इन साइकिल से निकलने का सबसे असरदार तरीका इन सभी मार्केट सेगमेंट में एक्सपोजर बनाए रखना है। इस तरह एक में गिरावट की भरपाई दूसरे में तेजी से हो जाएगी। फ्लेक्सी कैप म्यूचुअल फंड्स के साथ, कोई भी ऐसा कर सकता है। ये फंड अलग-अलग मार्केट कैपिटलाइजेशन में निवेश करते हैं और सेगमेंट के रिटर्न की संभावना के आधार पर अपने एक्सपोजर को बदलते हैं। यह अलग-अलग घरेलू और ग्लोबल मैक्रो फैक्टर, कंपनी के फंडामेंटल, मूल्यांकन, लॉन्ग टर्म ग्रोथ की संभावनाओं वगैरह के एनालिसिस पर आधारित है। फ्लेक्सी कैप फंड के साथ, निवेशक किसी बेहतर परफॉर्म करने वाले सेगमेंट के फायदे में हिस्सा ले सकते हैं और साथ ही जब कोई सेगमेंट पसंद नहीं किया जाता है तो गिरावट को भी लिमिट कर सकते हैं। यह बैलेंस्ड एक्सपोजर यह पक्का करता है कि उनका पोर्टफोलियो अलग-अलग मार्केट साइकिल में ज्यादा स्थिर रहे। पोर्टफोलियो का यह बेहतर प्रदर्शन यह पक्का करता है कि निवेशक मार्केट के उतार-चढ़ाव के दौरान भी निवेशित बने रहें। वे मार्केट के दबाव के समय घबराते नहीं हैं और जब मार्केट के कुछ सेगमेंट में तेजी होती है तो लालची नहीं होते। समय के साथ, इससे लगातार कंपाउंडिंग और लॉन्ग टर्म वेल्थ क्रिएशन होता है।



अतुल जैन
विंध्य विस्टा इन्वेस्टमेंट्स, सतना

इसलिए, जो निवेशक फ्लेक्सीकैप फंड में निवेश करना चाहते हैं, वे आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड के बारे में सोच सकते हैं। मार्केट कैपिटलाइजेशन में स्कीम के प्रभावशाली नेचर को देखते हुए, इसमें मार्केट साइकिल में अच्छा निवेष अनुभव देने की क्षमता है। रिटर्न के मामले में, इसने एक अच्छा निवेश अनुभव दिया है, एक साल में 9.91 प्रतिशत, तीन साल में 18.93 प्रतिशत और शुरुआत (जुलाई 2021) से 31 जनवरी, 2026 तक 15.19 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।